आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–13 अक्टूबर 2024 सान्ध्य समाचार

बहुस्तरीय कनेक्टिविटी के लिए प्रधानमंत्री गतिशक्ति नेशनल मास्टर योजना के कल तीन वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी सराहना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा है कि इस पहल ने भारत के बुनियादी ढांचे को नया रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि यह प्लान नए भारत में सुव्यवस्थित अत्याधुनिक आधारभूत ढांचे और मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी के निर्माण में एक क्रांतिकारी पहल सिद्ध हुआ है।

विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों को बहुस्तरीय कनेक्टिविटी अवसंरचना प्रदान करने के लिए इस मास्टर योजना का शुभारंभ किया गया था। योजना के तीन वर्ष पूरे होने पर केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कल कहा कि प्रधानमंत्री गतिशक्ति ने मूलभूत परियोजनाओं के कार्यान्वयन और उनकी योजना बनाने के तरीकों में एक आदर्श बदलाव लाने का काम किया है। इसका प्रभाव परियोजनाओं के तीव्र कार्यान्वयन, कम लॉजिस्टिक लागत और देश के हर क्षेत्र में पहुंचने वाली बेहतर सेवाओं में देखा जा रहा है।

****

गृह मंत्रालय ने सभी केन्द्रीय विभागों, राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से चौबीस अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर सभी महत्वपूर्ण भवनों के ऊपर राष्ट्रीय ध्वज के साथ संयुक्त राष्ट्र का ध्वज लगाने का आग्रह किया है। मंत्रालय द्वारा जारी निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि राष्ट्रपति भवन, उपराष्ट्रपति आवास, संसद भवन, सर्वोच्च न्यायालय भवन, राज भवनों, राज निवासों, विधान परिषद भवनों, विधानसभाओं और उच्च न्यायालयों पर संयुक्त राष्ट्र का ध्वज नहीं लगाया जाएगा।

****

शारदीय नवरात्र और विजयादशमी पर्व के उपलक्ष्य में लगातार तीन दिन आनुष्ठानिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद मुख्यमंत्री ने आज गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनीं। करीब तीन सौ लोगों की सुनवाई करते हुए उन्होंने अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण करने के निर्देश दिये।

****

वाराणसी जिले में काशी के लक्खा मेले के रूप में प्रसिद्ध नाटी इमली का भरत मिलाप आज धूमधाम से आयोजित किया गया। पिछले चार सौ इक्यासी वर्षों से भरत मिलाप की यह परम्परा चली आ रही है। चित्रकूट रामलीला समिति द्वारा आयोजित भरत मिलाप के इस मेले को देखने के लिए लाखों लोगों की भीड़ भरत मिलाप मैदान में मौजूद रही।

****

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज दूसरे दिन भी जुलूस की शक्ल में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन किये जा रहे हैं। बहराइच जिले में करीब डेढ़ हजार प्रतिमाओं को महाआरती के साथ विसर्जित किया जा रहा है। मूर्त विसर्जन स्थलों पर पुलिस, गोताखोरों और मेडिकल टीम के इंतजाम किये गये हैं।

****

बीते चौबीस घंटों के भीतर प्रदेश में हुए दो अलग अलग सड़क हादसों में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गये। इटावा जनपद के ऊसराहार थानाक्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर कल देर रात एक कार की सड़क किनारे खड़ी क्रेन से टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में कार चालक, एक रुसी महिला और एक अफगान महिला की मौत हो गई। यह सभी लोग लखनऊ से दिल्ली वापस लौट रहे थे। दुर्घटना में घायल तीन लोगों का सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में इलाज चल रहा है। वहीं हापुड़ जिले के चांदीनगर थानाक्षेत्र में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर लहचौड़ा के पास एक ट्रक द्वारा खड़े केंटर में टक्कर मारने की घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में घायल एक अन्य व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हरियाणा से गाजियाबाद जा रहे यह लोग आज सुबह ट्रक के पीछे केंटर खड़ा कर उतर रहे थे कि पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी।

****

भारतीय जनता पार्टी के नेता और रायबरेली जिले के ऊंचाहार विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक गजाधर सिंह का आज सुबह उनके आवास पर ह्रदयगति रुकने से निधन हो गया। वह सतहत्तर वर्ष के थे। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

****

मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले तीन दिनों तक मौसम के शुष्क रहने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान भी मौसम शुष्क बना रहा और रात्रि के तापमान मे संभाग के सभी मंडलों मे कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ। कल दिन के तापमान में वाराणसी मण्डल में काफी गिरावट हुई, लेकिन बाकी मण्डलों में कोई बड़ा बदलाव नहीं देखा गया।

****

आज अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम शमन दिवस है। यह दिवस आपदा शमन में शिक्षा के महत्व को उजागर करने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम शमन दिवस का विषय है– सशक्त भारत के लिए अगली पीढी का सशक्तिकरण।

****